# द्वितीय सत्र (आदर्श प्रश्नपत्र)
## विषय–हिन्दी
## कक्षा–आठवीं(प्रतिभा)

समय – 2:30 घंटे | पूर्णांकः 50

**सामान्य निर्देश :–**

- *यह प्रश्नपत्र प्रतिभा समूह के लिए है।*
- *इस प्रश्नपत्र के चार खण्ड हैं – क, ख, ग तथा घ।*
- *यथा सम्भव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए।*
- *उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या (नंबर) अवश्य लिखिए।*
- *प्रत्येक उत्तर लिखने के बाद एक या दो लाइन छोड़कर अगले प्रश्न का उत्तर लिखिए।*

### खण्ड : 'क' अनुच्छेद

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :– 5

धुनिया बेचारा बूढ़ा था। जाड़े का मौसम था। उसके तन पर वर्षों पुरानी तार–तार हो चुकी मिर्जई पड़ी हुई थी। वह काँपते हुए बोला–"तू जाती है कि नहीं ! देखती नहीं, अभी मुझे राजा जी के लिए रजाई बनानी है। एक तो यहाँ का राजा ऐसा है जो चाम का दाम चलाता है। ऊपर से तू आ गई फोकट की रूई धुनवाने।"

(i) "धुनिया बेचारा –––––– था।" खाली स्थान को पूरा कीजिए।
(ii) अनुच्छेद में किस मौसम की बात की जा रही है?
(iii) बूढ़े के शरीर पर मिर्जई कैसी थी?
(iv) रजाई किसके लिए बनानी थी?
(v) फोकट में किस काम के लिए चिड़िया आई थी?

2. अधोलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :– 5

है अँधेरी रात पर दीया जलाना कब मना है
कल्पना के हाथ से कमनीय जो मन्दिर बना था
भावना के हाथ ने जिसमें वितानों को तना था
स्वप्न ने अपने करों से था जिसे रूचि से सँवारा
स्वर्ग के दुष्प्राप्य रंगों रसों से जो सना था
ढह गया वह तो जुटा कर ईंट पत्थर कंकड़ों को
एक अपनी शांति की कुटिया बनाना कब मना है।

(i) दीपक कब जलाना जरूरी होता है?

(ii) कल्पना के हाथ से ------ जो मन्दिर बना था। खाली स्थान भरिए।

(iii) अपने हाथों से किसने उसे सँवारा था?

(iv) दुष्प्राप्य रंग किसके हैं?

(v) ईंट, पत्थर, कंकड़ों को जुटाकर क्या बनाया जाता है?

## खण्ड : 'ख' व्याकरण

3. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :–

(i) निम्नांकित शब्दों के वचन बदलिए :– 3

पौधा, टोपी, पेंसिल, कॉपी, किताब, पत्ती

(ii) विपरीतार्थक शब्द लिखिए :– 3

सुबह, आदमी, रात, राजा, लड़का, गरम

(iii) वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए :– 2

(1) सब कुछ जानने वाला –

(2) दूसरों का एहसान मानने वाला –

(iv) एक–एक संज्ञा शब्द लिखिए :– 2

(1) वस्तु –

(2) स्थान –

## खण्ड : 'ग' पाठ्यपुस्तक

4. नीचे लिखे गए प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए :– 10

(i) बच्चों के ऊधम मचाने के कारण घर की क्या दुर्दशा हुई?

(ii) पहली बोलती फिल्म कौन सी थी? उसके पोस्टरों पर कौन–कौन से चेहरे थे? अपने शब्दों में लिखिए।

(iii) अपने गाँव लौटकर सुदामा जब अपनी झोपड़ी नहीं खोज पाए तो उनके मन में क्या–क्या विचार आए?

(iv) साइकिल आन्दोलन से पुदुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौन–कौन से बदलाव आए?

(v) आपके विचार से पुराना लोटा अंग्रेज ने क्यों खरीद लिया? अकबरी लोटा पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(vi) कबीर घास की निन्दा करने से क्यों मना करते हैं? पढ़े हुए दोहे के आधार पर उत्तर दीजिए।

5. नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 6

(i) अपने घर में मक्खन होते हुए भी श्रीकृष्ण दूसरों के घर में मक्खन चोरी क्यों करते थे?

(ii) पानी के जन्म व जीवन की यात्रा के बारे में पानी की कहानी पाठ के आधार पर लिखिए।

(iii) पत्र जैसा संतोष फोन या एस एम एस का संदेश क्यों नहीं दे सकता। चिट्ठियों की अनूठी दुनिया के आधार पर उत्तर दीजिए।

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए :– 4

(i) आज मनुष्य उड़ने की अपनी इच्छा किन–किन साधनों से पूरी करता है? बाज और साँप पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ii) गवरइया की टोपी पर दर्जी ने पाँच फुंदने क्यों जड़ दिए? टोपी पाठ के आधार पर जवाब दीजिए।

## खण्ड : 'घ' सृजनात्मक लेखन

7. परिश्रम के महत्व को बताते हुए चाचा जी को पत्र लिखिए। 5

अथवा

मित्र को जन्मदिवस की बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

8. पुस्तकालय का महत्व विषय पर एक निबंध लिखिए। 5

अथवा

गणतंत्र दिवस के बारे में दस पंक्तियो में निबंध लिखिए।

# द्वितीय सत्र (आदर्श प्रश्नपत्र)
## विषय–हिन्दी
## कक्षा–आठवीं (निष्ठा)

समय – 2:30 घंटे | पूर्णांकः 50

**सामान्य निर्देश :–**

- *इस प्रश्नपत्र के चार खण्ड हैं – क, ख, ग तथा घ।*
- *यथा सम्भव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए।*
- *उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या (नंबर) अवश्य लिखिए।*
- *प्रत्येक उत्तर लिखने के बाद एक या दो लाइन छोड़कर अगले प्रश्न का उत्तर लिखिए।*

### खण्ड : 'क' व्याकरण

**1.**

(i) स्रोत के आधार पर निम्नलिखित शब्दों का भेद बताइए :– 2

उदाहरण :– अपमान – तत्सम

(1) रात्रि –

(2) हाथ –

(3) लोटा –

(4) लालटेन –

(ii) नीचे लिखे गए उपसर्ग की सहायता से शब्द बनाइए :– 2

वि, अन्, सु, प्र

(iii) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग करके लिखिए :– 2

| | **शब्द** | **प्रत्यय** |
|---|---|---|
| उदाहरण :– | लिखित | इत |
| (1) | दयावान | ––––––– |
| (2) | कलाकार | ––––––– |
| (3) | बड़ी | ––––––– |
| (4) | टकराहट | ––––––– |

(iv) नीचे लिखे गए वाक्यों में सही व्यक्तिवाचक संज्ञा का प्रयोग कीजिए :– 2

(सेव, अंजू, सड़क)

(1) गरिमा और ––––––– क्रिकेट खेल रही हैं।

(2) आलोक ––––––– लाने बाजार गया।

(v) नीचे लिखे गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए :– 2

(1) साथ पढ़ने वाली –

(2) जो चमकता हो –

## खण्ड : 'ख' पठित/अठित बोध

प्रश्न 2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछें गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 5

संसार में सच्चाई का पालन करने वाले कम ही लोग हैं। सच्चाई हमेशा आदमी को आगे रखती है। हमें जीवन में झूठ से बचना चाहिए। सच सदैव अपनी कसौटी आगे रखता है। सच बोलना चाहिए। हम अपने रिश्तों में सच का पालन कर उन्हें दीर्घ जीवन दे सकते हैं। जब हम सच नही बोलते तब हम दूसरों का सामना नहीं कर पाते हैं। झूठ और सच सदा से मानव के साथ साथ चलता है। सच मानव का हिमायती होता है।

(क) आदमी को कौन आगे रखता है?

(ख) संसार में सच्चाई का पालन कितने लोग करते हैं?

(ग) सच क्या आगे रखता है?

(घ) हम दूसरों का सामना कब नहीं कर पाते है?

(ड.) सच का हिमायती कौन होता है?

प्रश्न 3.निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछें गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 5

आगे चला गुरु मातु दए ते, लए तुम चाबि हमें नहीं दीने।
श्याम कहो मुस्काय सुदामा से, चारी की बानि मे हौजु प्रवीने।।
पोटरि कॉखि मे चॉप रहे तुम खोलत नाहि सुधा रस भीने।
पाहिलि बानि अजौ न तजौ तुम तैसई भाभी के तंदुल कीन्हो।।

(क) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कविता की हैं?

(ख) इस कविता के रचनाकार कौन हैं?

(ग) 'चोरी की बानि में हौजू प्रवीने' का आशय क्या है?

(घ) 'सुधा रस' का अर्थ क्या है?

(ड.) कृष्ण और सुदामा के गुरु कौन थे?

## खण्ड : 'ग' पाठ्यपुस्तक

प्रश्न 4.नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर लिखिए :– 10

(i) अगर बदलू लाख के साथ कॉंच की चूड़ियाँ भी बेचता तो उसके व्यापार पर क्या प्रभाव पड़ता? कोई दो प्रभाव बताइए।

(ii) कबीर घास को कमजोर मानने से क्यों मना करते हैं?

(iii) दूध पीने से अगर कृष्ण की चोटी बढ़ जाती, तो फिर अपनी माँ को कृष्ण क्या–क्या कहते? दो बातें बताइए।

(iv) ओस की बूँद क्रोध और घृणा से क्यों काँप उठी?

(v) आपको किन दो कामों में सबसे ज्यादा मजा आता है? आपको इन्हीं दो कामों में इतना मजा क्यों आता है?

(vi) अगर सुदामा की मदद कृष्ण नहीं करते तो सुदामा क्या सोचते?

प्रश्न 5. नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 6

(i) विट्ठल का चयन आलम–आरा फिल्म के नायक के रूप में हुआ। फिर उन्हें क्यों हटाया गया? आप विट्ठल की जगह होते तो क्या करते?

(ii) यदि आपका कोई मित्र आपसे बहुत दिनों के बाद मिले तो आप उसके लिए क्या–क्या करेंगे? कोई तीन बताइए।

(iii) 'बाज और साँप' कहानी में आपको कौन ज्यादा अच्छा लगा और क्यों?

प्रश्न 6.निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए :– 4

(i) आपके अनुसार पुरूषों ने महिलाओं के साइकिल चलाने का विरोध क्यों किया होगा? अगर आप वहाँ होते तो क्या करते?

(ii) साइकिल चलाने से महिलाओं को क्या–क्या लाभ हुआ? कोई चार लाभ लिखिए।

## खण्ड : 'घ' रचनात्मक लेखन

प्रश्न 7.नीचे दिए गए पत्रों में से कोई एक पत्र लिखिए :– 5

(i) आपको अपनी कक्षा की हिंदी की पाठ्यपुस्तक 'वसंत' प्राप्त नहीं हुई। इस पुस्तक को जल्दी से जल्दी पाने के लिए कक्षाध्यापक को पत्र लिखिए।

(ii) अपनी शिक्षिका को जन्मदिवस की बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

प्रश्न 8.संकेत वाक्यों के आधार पर नीचे दिए गए निबंधों में से किसी पर निबंध लिखिए (200 शब्दों में) :– 5

(i) आप अपने परिवार के साथ दिल्ली के बाहर घूमने गए। वहाँ आपने बहुत सारे ऐतिहासिक इमारतें देखी। वहाँ कुछ नए लोगों को आपने दोस्त बनाया। वहाँ की सड़कों, बसों और बाजारों में घूमे। फिर रेलगाड़ी से वापस दिल्ली आ गए।

(ii) अपने परिवार, सदस्यों और उनके कार्यो को करते हैं, बताते हुए उनकी आदतें और आपके साथ उनके व्यवहार के बारे में बताइए। आप अपने परिवार के लिए क्या–क्या करना चाहते हैं?

**द्वितीय सत्र (आदर्श प्रश्नपत्र)**
**विषय–हिन्दी**
**कक्षा–आठवीं(नवनिष्ठा)**

समय – 2:30 घंटे | पूर्णांकः 50
प्राप्तांक.........

नाम :– ____________________ | अनुक्रमांक ________

**निर्देश–**

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**खण्ड : 'क' व्याकरण**

1. दिए गए उपसर्गों से एक–एक शब्द बनाइए :– 2

| उपसर्ग | शब्द |
|---|---|
| (i) आ | __________ |
| (ii) उप | __________ |
| (iii) प्र | __________ |
| (iv) नि | __________ |

2. दिए गए शब्दों में से प्रत्यय व मूल शब्द अलग करके लिखिए :– 2

| शब्द | मूलशब्द | प्रत्यय |
|---|---|---|
| (i) अज्ञानी | __________ | __________ |
| (ii) धार्मिक | __________ | __________ |
| (iii) शर्मीला | __________ | __________ |
| (iv) सुन्दरता | __________ | __________ |

3. नीचे दिए गए गद्यांश में से चार संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए :– 2

''मेजर इमलस मेरे पड़ोसी हैं। पुरानी चीजों के संग्रह करने में उनकी होड़ रहती है। गत वर्ष वे हिन्दुस्तान आए थे और यहाँ से जहाँगीरी अंडा ले गए थे।''

**संज्ञा शब्द**

__________ __________ __________ __________

4. दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए :— 2

(i) जो अभिनय करता है — ____________________

(ii) सौ वर्ष का समय — ____________________

(iii) सात दिन का समय — ____________________

(iv) जो राह भटक गया हो — ____________________

5. नीचे लिखे वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटिए :— 2

(i) वे लोग बहुत अच्छे हैं। — ____________________

(ii) हम कल मेला देखने जायेंगे। — ____________________

(iii) तुम कब आओगे? — ____________________

(iv) आप आ जाइए। — ____________________

## खण्ड : 'ख' पठित/अपठित बोध

6. अपठित गद्यांश :— 5

सोलहवीं शताब्दी की बात है। बादशाह हुमायूँ शेरशाह से हारकर भागा था और सिंध के रेगिस्तान में मारा—मारा फिर रहा था। एक अवसर पर प्यास से उसकी जान निकल रही थी। उस समय एक ब्राह्मण ने इसी लोटे से पानी पिलाकर उसकी जान बचाई थी। हुमायूँ के बाद अकबर ने उस ब्राह्मण का पता लगाकर उससे इस लोटे को ले लिया और इसके बदले में उसे इसी प्रकार के दस सोने के लोटे प्रदान किए। यह लोटा सम्राट अकबर को बहुत प्यारा था।

गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :—

(i) बादशाह हुमायूँ किससे हारकर भागा था?

______________________________________________

(ii) ब्राह्मण ने लोटे से पानी पिलाकर किसकी जान बचाई थी?

______________________________________________

(iii) गद्यांश में किस शताब्दी की बात की गई है?

______________________________________________

(iv) अकबर ने एक लोटे के बदले ब्राह्मण को कितने लोटे दिए?

_______________________________________________

(v) अकबर को लोटा क्यों पसंद रहा होगा?

_______________________________________________

_______________________________________________

7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :– 5

"आगे चना गुरूमात दिए तै, लए तुम चाबि हमे नहिं दीने।
स्याम कह्यो मुसकाय सुदामा सो, चोरी की बान में हौ जू प्रवीने।।
पोटरी काँख में चाँपि रहे तुम, खोलत नाहि सुधा रस भीने।

पाछिलि बानि अजौ न तजो तुम, तैसई भाभी के तंदुल कीन्हैं।।

(i) चने किसने दिए थे?

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

(ii) श्याम ने सुदामा से क्या कहा?

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

(iii) सुदामा अपनी पोटली क्यों नहीं खोल रहे थे?

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

(iv) तंदुल शब्द का अर्थ बताइए। (दाल / चावल / चीनी / चॉकलेट / चाय)

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

(v) ''चोरी की बान में हौ जू प्रवीने'' कहकर श्रीकृष्ण ने सुदामा से क्या कहना चाहा होगा?

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

## खण्ड : 'ग' पाठ्यपुस्तक

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 10

(i) इतनी बार दूध पीने के बाद भी श्रीकृष्ण की चोटी क्यों छोटी रह गयी होगी? आपको क्या लगता है?

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

(ii) सुदामा कृष्ण को घर से लाया हुआ भेंट देने में क्यों स़कुचा रहे थे?

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

(iii) आपके अनुसार अगर बदलू लाख के साथ–साथ काँच की चूड़ियाँ भी बनाता तो क्या होता?

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

(iv) कबीरदास जी ने किसी को भी पलटकर गाली देने से क्यों मना किया होगा?

____________________________________________

____________________________________________

____________________________________________

(v) 'टोपी' कहानी में आपको सबसे अच्छा क्या लगा? कारण सहित उत्तर दीजिए।

____________________________________________

____________________________________________

____________________________________________

9. निम्नलिखित वाक्यों को सही शब्द भरकर पूरा कीजिए :– 5

(i) भारत की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के अर्देशिर' एम. __________ थे। (ईरानी / पुरानी)

(ii) आलम आरा फिल्म के नायक थे __________ । (मिशेल / बिट्ठल)

(iii) 'आलम आरा' फिल्म 'अरेबियन नाइट्स' जैसी __________ थी। (फैंटेसी / कॉमेडी)

(iv) एकाएक आकाश में उड़ता हुआ खून से लथपथ एक बाज __________ की गुफा में आ गिरा। (शेर / साँप)

(v) ना भाई, तुम्हारा आकाश तुम्हें ही मुबारक, मेरे लिए तो यह __________ भली। (गुफा / पहाड़)

10. नीचे दिए गए शब्दों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए :– 5

(i) मंदिर – ____________________________________________

____________________________________________

(ii) परात – ____________________________________________

____________________________________________

(iii) सुमिरन – ____________________________________________

____________________________________________

(iv) शहर – ______________________________________________________

______________________________________________________

(v) चाबुक – ______________________________________________________

______________________________________________________

## खण्ड : 'घ' लेखन

11. आपके पिताजी का तबादला देहरादून हो गया है। इसलिए आपका परिवार दिल्ली से देहरादून जा रहा है। आपको अपनी आगे की पढ़ाई देहरादून में ही करनी है। इस कारण से आप अपना वर्तमान स्कूल छोड़ रहे हैं। इस बात की जानकारी देते हुए तथा विद्यालय छोड़ने का प्रमाणपत्र माँगते हुए अपने वर्तमान प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए। 5

___________________

___________________

___________________

___________________

_________________________________________________________________

_________________________________________________________________

_________________________________________________________________

_________________________________________________________________

_________________________________________________________________

___________________

___________________

___________________

___________________

12. दोस्तो अब तो आप अच्छे से पढ़ना लिखना सीख गए हो। है न ! तो बताइए जरा क्या पुस्तकें पढ़ने में मजा आ रहा है? पुस्तकें हमारे लिए विश्व भर के ज्ञान का खजाना खोल देती हैं। आप पुस्तकों के महत्व को बताते हुए एक निबंध लिखिए। 5

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________